राजस्थान सरकार

मंत्रिमण्डल सचिवालय

क्रमांकः प0 25(5)मं.मं./2012 पार्ट–I जयपुर, दिनांकः 21/7/17

1. समस्त अतिरिक्त मुख्य सचिव/प्रमुख शासन सचिव/शासन सचिव।
2. समस्त संभागीय आयुक्त, राजस्थान।
3. समस्त जिला कलेक्टर, राजस्थान।

-:: परिपत्र ::-

विषयः– भारत सरकार के मंत्रालयों द्वारा दिये जाने वाले विभिन्न पुरस्कारों के संबंध में प्राप्त पत्रादि पर, राज्य सरकार के संबंधित नोडल विभाग द्वारा कार्यवाही किये जाने बाबत।

उपरोक्त विषयान्तर्गत राज्य सरकार द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों द्वारा दिये जाने वाले विभिन्न पुरस्कारों के संबंध में केन्द्र सरकार में जो नोडल विभाग है राज्य सरकार में भी उन्हीं विभागों को नोडल विभाग नामित किया जाकर संबंधित पुरस्कारों के संबंध में प्रस्ताव प्राप्त करने व उनका सक्षम स्तर से अनुमोदन करवाकर केन्द्र सरकार को भिजवाये जाने की कार्यवाही की जाये। पुरस्कारों का विवरण निम्नानुसार हैः–

क्र.सं.	पुरस्कार का नाम	केन्द्र सरकार का नोडल विभाग/मंत्रालय	राज्य सरकार में प्रस्तावित नोडल विभाग
1.	गांधी शांति पुरस्कार	संस्कृति एवं पर्यटन मंत्रालय	पर्यटन, कला एवं संस्कृति विभाग
2.	जीवन रक्षा पदक पुरस्कार	गृह मंत्रालय	गृह विभाग
3.	टैगोर अन्तर्राष्ट्रीय पुरस्कार	संस्कृति एवं पर्यटन मंत्रालय	पर्यटन, कला एवं संस्कृति विभाग

साथ ही निम्न निर्णय भी लिये गये हैंः–

(1) भविष्य में अगर कोई नये पुरस्कारों के संबंध में प्रस्ताव मंगवाने हो तो प्रस्तावों के संबंध में कार्यवाही राज्य सरकार के संबंधित नोडल विभाग द्वारा ही की जाये।

(2) निजी संस्थाओं द्वारा प्रदान किये जाने वाले पुरस्कारों के संबंध में राज्य सरकार स्तर पर कोई प्रस्ताव नहीं भिजवाये जायेंगें।

सभी संबंधित कृपया उपरोक्तानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करावें।

(पवन कुमार गोयल)
प्रमुख शासन सचिव

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. प्रमुख सचिव, मा0 मुख्यमंत्री, राजस्थान।
2. सचिव, माननीय राज्यपाल, राजभवन, जयपुर।
3. वरिष्ठ शासन उप सचिव, मुख्य सचिव, राजस्थान।
4. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग।
5. रक्षित पत्रावली।

(एन0एल0 जेवरिया)
शासन उप सचिव